उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय गुमला।
(विधि शाखा)
अधिहरण (Confiscation) वाद सं0–07/2021–22

सरकार
–बनाम–
अशोक महली
आ दे श

पुलिस अधीक्षक, गुमला ने पत्रांक –1286/अप0शा0 दिनांक – 20.05.2021 के द्वारा वादी श्री राजेश हंसदा पे0–स्व0 राम हंसदा सा0–गौरखुटी भौंरा थाना–सुदामडीह जिला–धनबाद वर्त्तमान खान निरीक्षक गुमला के लिखित आवेदन के आधार पर गुमला थाना कोड सं0–235/2020 दिनांक–26.06.2020 धारा 414/भ0 द0 वि0 एवं 4/54 झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 एवं 7/13 झारखण्ड खनिज (अवैध खनन पर रोक परिवहन और भण्डारण) नियम–2017 के आलोक में अवैध रुप से बालू उत्खनन कर बिक्री करने के आरोप में जप्त ट्रेक्टर निबंधन सं0 –JH07H- 2883 डाला नं0 –RPL/B/76 चेचिस नं0–MBNABACFCHRD - 00443 के मालिक अशोक महली पे0–चैतु महली साकिन–कुलाबीरा थाना–गुमला के विरुद्ध राजसात करने का प्रस्ताव प्राप्त है।

पुलिस अधीक्षक, गुमला के प्रतिवेदन में अंकित है कि खान निरीक्षक गुमला के लिखित प्रतिवेदन के आधार पर प्राथमिक अभियुक्त जप्त ट्रेक्टर निबंधन सं0 –JH07H- 2883 डाला नं0–RPL/B/76 चेचिस नं0–MBNABACFCHRD-00443 के मालिक अशोक महली पे0–चैतु महली साकिन–कुलाबीरा थाना–गुमला के विरुद्ध अवैध रुप से बालू उत्खनन कर बिक्री करने के आरोप में अंकित किया गया है एवं इस कांड के विरुद्ध झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली–2004 (यथा) संशोधित) के नियम–4 एवं 54 MMDR Act. 1957 के धारा–4 एवं 21 तथा Jharkhand Minerals Prevention of Illegal Mining Transportation and Storage Rules-2017 के नियम–7 एवं 13 के तहत् मालिक के विरुद्ध सत्य पाया गया है।

पुलिस अधीक्षक गुमला से प्राप्त प्रतिवेदन का अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक, गुमला के प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि जप्त ट्रेक्टर निबंधन सं0 – JH07H - 2883 डाला नं0–RPL /B/76 चेचिस नं0–MBNABACFCHRD-00443 के द्वारा बालू चोरी के आरोप को सत्य पाया गया है।

The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) 2017 के Rule 7 में यह अंकित है कि:–

(1) "No person other than a dealer or a mining lease holder shall buy or store or sell or offer for sale or engage in any transaction of buying, selling, processing any mineral at any place or transport mineral for commercial gain without being registered as a dealer."

(2) Rule 11 (V) के अनुसार Any minerals tool equipment, vehicle or any thing seized shall be liable to be confiscated by an order of the court of the Deputy Commissioner of the concerned district and shall be disposed of in accordance with direction of such court.

(3) National Green Tribunal Principal Bench New Delhi के मूल आवेदन सं0–360/2015 प्रतिवेदित तिथि 15.01.2021 में यह अभिकथन किया गया है कि "Another issue bearing on the enforcement mechanism is the action against the vehicles used in illegal sand mining. Seizure of such vehicles is required and release of seized vehicles lightly defeats the purpose of the coercive measures. Since the vehicles are in a way weapon of offence,the same cannot be dealt with in the manner disputed property is dealt with under section 451 Cr.PC. by releasing the same in favour of the ostensible owner by taking an entrustment /indemnity bond/sapurdginama. In Sujit Kumar Rana"

अंकनीय है कि इस तरह के मामलों में उपयोग किये जाने वाले वाहन एवं डाला में पंजीकरण संख्या नही रहती है, तथा वाहनों से संबंधित वैध कागजात नही होने के कारण उसको अवैध रुप से परिवहन कार्य कराया जाता है। जिससे यह प्रतीत होता है कि जप्त बालू एवं वाहन का परिवहन माईनिंग प्रावधानों के विरुद्ध किया गया है। अभी तक किसी के द्वारा उक्त वाहन एवं बालू के संबंध में claim (दावा) नहीं किया गया है।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों पर विचारोपरान्त तथा N.G.T. न्यायालय नई दिल्ली के निर्णय के आलोक में उक्त जप्त बालू एवं ट्रेक्टर निबंधन सं0 –JH07H- 2883 डाला नं0–RPL/B/76 चेचिस नं0–MBNABACFCHRD-00443 को राजसात करता हूँ।

आदेश के प्रति सभी संबंधित अधिकारी को दे।

लेखापित एवं संशोधित

18.07.22
उपायुक्त,
गुमला

18.07.22
उपायुक्त,
गुमला

Digitally signed by SUSHANT GAURAV
Date: 2022.10.13 17:09:04 +05:30
Location: 192.168.43.106